अमर उजाला

23-03-2023

# शहीद दिवस पर शहादत को नमन



अंबाला। शहीदी दिवस पर बुधवार को हरियाणा कला परिषद और सांस्कृतिक विभाग जीएमएन कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कलाकार सिमरन और कमल पेगा और उनके साथियों ने अपने गायन से शहीदों को याद करते हुए उनके पद चिह्नों पर चलने के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अधिष्ठाता डॉ. राजेंद्र देसवाल ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत अमर हैं। इस अवसर पर डॉ मंजीत, डॉ चंद्रपाल पूनिया और सांस्कृतिक विभाग कमेटी के सभी सदस्यों के साथ विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।